तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 11 सितंबर 2025



12 विधायक ने भगवा ध्वज दिखाकर तीर्थयात्रियों ...



12 खोपली हाईस्कूल में छात्राओं को बांटी गई ...






## खबर संक्षेप

### रेल्वे ट्रैक में मिला लकड़बग्घा का शव

**महासमुंद।** बागबाहरा में मंगलवार सुबह मालगाड़ी से टकरा जाने से एक लकड़बग्घा की मौत हो गई। बताया जाता है कि उक्त लकड़बग्घा सोमवार को प्लेटफार्म पर रात 9-10 के बीच घूमता दिखाई दिया था, जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था। सुबह वह नगर पालिका कार्यालय के सामने रेललाइन की रायपुर से विशाखापट्टनम वाली ट्रेक में मरा पड़ा था। उसके पीछे के दोनों पैर कटे हुए थे। माना जा रहा है कि पैर कटने की वजह से ही लकड़बग्घे की मौत हुई होगी। उक्त घटना सुबह करीब 5 बजे की है। पशु चिकित्सकों ने उसका पोस्टमार्टम वन विभाग के संजय कानन स्थित डिपो में किया और विभाग ने अधिकारियों की उपस्थिति में लकड़बग्घा के शव का अंतिम संस्कार किया।

### शराब का अवैध परिवहन एक व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब का अवैध परिवहन कर रहे एक व्यक्ति के खिलाफ तुमगांव पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 केवाय 3804 में अवैध शराब परिवहन कर बिक्री के लिए नदी मोड़ से तुमगांव की ओर आ रहा है। इसके बाद एनएच 53 रोड अमावस चौक तुमगांव पहुंचकर उक्त बाइक चालक को रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में संदेही ने अपना नाम उमेश महोबिया पिता चंद्रहास महोबिया (39 साल) निवासी वार्ड नं 6 तुमगांव होना बताया। आरोपी के कब्जे से 25 पौवा शराब कीमत 2500 रुपए को बरामद कर धारा 34(1) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

### महिला स्वास्थ्य कर्मी को धमकी व गाली गलौज

**सरायपाली।** सिंघोड़ा थाना अंतर्गत उप स्वास्थ्य केन्द्र समदरहा में पदस्थ महिला स्वास्थ्य कर्मी के साथ एक व्यक्ति के द्वारा गाली-गलौज व धमकी दिये जाने का मामला सामने आया है। थाना से मिली जानकारी अनुसार श्रीमती तुल्लू नागवंशी पति स्व. दिनेश कुमार नागवंशी उम्र 59 साल निवासी समदरहा थाना सिंघोडा ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वे आरएचओ के पद पर उप स्वास्थ्य केन्द्र समदरहा में पदस्थ हैं।

माधव कोलता के द्वारा लगभग दो सप्ताह से उनके साथ गाली-गलौज एवं छेड़खानी, सामानं फेंकना एवं तेरा क्या होगा सोच नहीं पायेगी कहकर धमकी दिया जा रहा है। उनके द्वारा इस बारे में गांव के सरपंच को भी जानकारी दी गई, लेकिन किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई। जबकि उनके उप स्वास्थ्य केन्द्र में सरपंच की उपस्थिति में भी उनके सामने ही माधव के द्वारा अश्लील गाली-गलौज दिया गया। पुलिस ने प्रार्थिया के रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# तिमाही के प्रश्न प्रत्र ब्लाक व जिला स्तर पर होंगे तैयार, प्रश्नपत्र में ही लिखेंगे उत्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के सरकारी स्कूलों में तिमाही परीक्षा आने वाले दिनों में होने हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति स्कूलों में लागू होने की वजह से इस बार तिमाही परीक्षा के प्रश्न पत्र ब्लॉक व जिला स्तर पर तैयार होंगे। पहली से लेकर आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए ब्लॉक स्तर पर समग्र शिक्षा अभियान द्वारा प्रश्न पत्र तैयार करवाए जा रहे हैं। नवमीं से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए जिला स्तर पर प्रश्न पत्र तैयार कर स्कूलों में भेजे जाएंगे।

पहले स्कूल स्तर पर विद्यार्थियों की तिमाही परीक्षा ली जाती थी, यानी स्कूल में जो शिक्षक जिस विषय को पढ़ाता था, उसी के द्वारा तिमाही परीक्षा के प्रश्न पत्र तैयार किए जाते थे।

### पहली से लेकर आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए तैयार किए जा रहे हैं प्रश्न पत्र

#### नवमी से बारहवीं के छात्रों को मिलेगी उत्तरपुस्तिका

जिला शिक्षा विभाग द्वारा प्रश्नपत्र छपवा कर नवमी, दसवी, ग्याहरवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए स्कूलों में भेजे जाएंगे। प्रश्नपत्र अलग से विद्यार्थियों को दिया जाएगा, जिसके उत्तर लिखने के लिए अलग से उत्तरपुस्तिका दी जाएगी।




#### पहली से आठवीं के छात्र प्रश्नपत्र में ही लिखेंगे उत्तर

पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी, पांचवी, छठवी, सातवीं और आठवीं के विद्यार्थियों के स्कूलों में ब्लॉक स्तर से तैयार प्रश्न पत्र भेजे जाएंगे। इस बार प्रश्न पत्र में ही उत्तर लिखना होगा। पहले पहली से आठवी तक के विद्यार्थियों की तिमाही परीक्षा की अलग व्यवस्था थी। मसलन शिक्षक अपने विषय का सवाल ब्लैक बोर्ड में लिख देते थे और विद्यार्थी कॉपी के पेज फाड़कर उत्तर लिख देते थे।

#### तिमाही परीक्षा की तैयारी चल रही शीघ्र ही जारी होगी समय सारिणी

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों में टर्म एक्जाम इस बार लिया जाएगा। विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा ने बताया कि तिमाही परीक्षा की तैयारी चल रही है। शीघ्र ही समय सारिणी जारी की जाएगी। इस परीक्षा के माध्यम से छात्रों की अब तक की तैयारी परखी जाएगी।

### रोष: वेतन भुगतान नहीं हुआ तो मूलभूत सुविधाएं प्रभावित करने की दी चेतावनी

# तीन माह से वेतन भुगतान नहीं होने से नाराज नपा कर्मियों की हड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

तीन माह का वेतन भुगतान नहीं होने से नाराज पालिका कर्मचारियों ने बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरुआत कर दी है। इसके चलते आने वाले दिनों में शहर में बिजली, पानी और सफाई व्यवस्था के प्रभावित होने के आसार हैं। हड़ताल की जानकारी मिलने पर आंदोलनरत कर्मचारियों से पालिकाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने धरनास्थल पर चर्चा की।

बता दें कि करीब 80 कर्मचारी अपनी एक सूत्रीय मांग नियमित वेतन भुगतान को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि शासन द्वारा प्रत्येक माह की पहली तारीख को वेतन भुगतान के स्पष्ट निर्देश होने के बावजूद भी तीन-तीन माह तक वेतन नहीं मिल रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

संघ के अध्यक्ष ने बताया कि जून माह से अब तक वेतन नहीं मिला है, जिसके कारण कर्मचारियों को बच्चों की फीस जमा करने, बैंक लोन की किस्तें भरने और दैनिक जरूरतों को पूरा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि संघ प्रशासन को दो दिन का अल्टीमेटम देगा, यदि निर्धारित समय सीमा में वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो कर्मचारी क्रमबद्ध रूप से सभी नगरपालिका सेवाओं को बंद करने के लिए विवश होंगे। यह हड़ताल नगर की स्वच्छता, जल आपूर्ति और अन्य बुनियादी सेवाओं पर प्रभाव डाल सकती है।





#### त्योहार के समय वेतन नहीं मिलने से नाराजगी

कर्मचारियों में ऐन त्योहार के मौके पर वेतन भुगतान नहीं होने को लेकर पालिका प्रबंधन के खिलाफ काफी नाराजगी है। जून, जुलाई, अगस्त का वेतन नही मिलने के कारण कर्मचारीयों को अर्थिक तंगी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन को दो दिनों का अल्टीमेटम दिया गया है, यदि निर्धारित समय सीमा में वेतन का भुगतान नहीं किए जाने पर सेवाओं को बंद करने की चेतावनी भी दी गई है।

#### कार्यालयीन कामकाज हो रहा बाधित

कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के कारण में नगर की स्वच्छता, जल आपूर्ति और अन्य बुनियादी सेवाओं एवं टैक्स जमा करने, राशन कार्ड बनवाने, वृद्धा और निराश्रित पेंशनर सत्यापन करवाने और जन्म-मृत्यु का प्रमाण पत्र सहित अन्य टेबल वर्क से जुड़े कामकाज बाधित हुई है। ऐसे में इन कार्यों के लिए पालिका में पहुंचने वाले हितग्राहियों को बैरंग ही लौटना पड़ा है। इस हड़ताल से आने वाले दिनों में नगर के लोगों को विभिन्न समस्यों से जूझना पड़ सकता है।

#### नियमित कर्मचारियों का वेतन भुगतान ट्रेज़री से कराए शासनः नपाध्यक्ष

नगर पालिका नियमित कर्मचारी संघ के आंदोलन को जायज ठहराते हुए नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने उनकी मागों का समर्थन करते हुए कहा कि कर्मचारियों की मांगों से शासन को अवगत कराकर ध्यान आकृष्ट कराएंगे। नपाध्यक्ष ने कहा कि शासन में बैठे लोगों द्वारा हर माह के 1 तारीख को कर्मचारियों के वेतन भुगतान का आदेश तो दिया गया। लेकिन, वेतन देने के लिए किसी प्रकार का फंड उपलब्ध नहीं कराया गया। और ना ही ऐसी की व्यवस्था बनाई, जिससे उनकी भुगतान हो सके। उन्होंने मांग की है कि नगर पालिका के नियमित कर्मचारियों का वेतन भुगतान ट्रेज़री से किया जाए।

# नहीं थम रही खाद की कालाबाजारी खरीदना किसानों की है मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली(ग्रामीण)

बसना शहर एवं आसपास के ग्रामीणों क्षेत्रों में खाद की कालाबाजारी में लगाम लगाने में विभागीय अधिकारियों के हाथ कांप रहे हैं। कृषि खाद को शासकीय दर से तिगुने दामों पर बेचे जाने की ख़बर आ रही है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बसना एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से खाद बेचा जा रहा है। किसानों को खरीफ फसल के लिए खाद नहीं मिलने से परेशानी बढ़ी हुई है। इधर, आर्थिक रूप से नुकसान उठाना भी पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किसानों को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने नित नए कल्याणकारी योजना लागू कर रही है। कृषि खाद बेचने वाले व्यापारियों द्वारा व्यक्तिगत लाभ अर्जित करने के चक्कर में किसानों को आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचा रहे हैं। इधर, किसान मानसिक के रूप से परेशान भी हो रहे हैं। किसानों को फसल के लिए खाद खरीदना उनकी मजबूरी है। कृषि खाद शासकीय दर 266 रुपए है और इसी खाद को 900 से 1000 रुपए तक बेचा जा रहा है। किसानों की शासन-प्रशासन से मांग है कि खाद की कालाबाजारी पर अंकुश लगाते हुए उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराया जाए। उल्लेखनीय है कि लायसेंसधारी व्यापारियों को कृषि विभाग शासन द्वारा निर्धारित दर से खाद बेचने उपलब्ध कराया जाता है। लेकिन, खाद को व्यापारियों द्वारा किसानों के आधार कार्ड में लिंक करते हुए शासकीय दर पर एंट्री तो किया जाता है, लेकिन खाद तिगुने-चौगुने दामों में बेचकर लाखों करोड़ों रुपए कमा लेते हैं। इधर, किसान हमेशा कर्ज में लदा रहता है। कृषि खाद सहकारी समिति में उपलब्ध कराया जाए। ताकि, किसानों को खाद के लिए इधर उधर भटकना न पड़े। लेकिन, सहकारी समिति खाद न आकर सीधे व्यापारियों के पास खाद कहां से आ रहा है यह एक गंभीर सवाल है? किसान हितैषी भाजपा सरकार इस ओर ध्यान क्यों नहीं दे रही है। क्या भाजपा सरकार को खाद की कालाबाजारी का पता नहीं है। अगर है तो कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। क्षेत्र के किसानों द्वारा खाद की किल्लत को लेकर भाजपा सरकार को कोस रहे हैं और जिम्मेदार भी ठहरा रहे हैं। इधर, कृषि विभाग के ब्लॉक, जिले में बैठे अधिकारी कार्यवाही के नाम सिर्फ खानापूर्ति करते हैं। इस संबंध में डीएमओ से बताया कि जितना खाद आया था उसे सहकारी समितिओं भेजा जा चुका है। जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि जितना खाद आया था, जिसे जिलेभर के सहकारी समितियों में भेजा जा चुका है। खाद के लिए पत्र लिखा गया है। वहीं एफआर कश्यप उपसंचालक कृषि ने बताया कि जहां पर भी इस तरह से खाद की अवैध बिक्री की जा रही है, उसे आवश्यक रूप से रोकते हुए कार्रवाई की जाएगी।



### एनएचएम कर्मचारियों का आंदोलन 24 वें दिन भी जारी, लगाया स्वास्थ्य शिविर

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के कर्मचारियों का आंदोलन लगातार 24 वें दिन भी जारी रहा। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर तले चल रहे इस आंदोलन में कर्मचारियों ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला मुख्यालय स्थित लोहिया चौक धरना स्थल में अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। बुधवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल के 24 वें दिन एनएचएम संघ महासमुंद इकाई के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर सरकार को वादा याद दिलाया। शिविर में 180 लोगों की जांच की गई एवं परामर्श दिया गया है। शिविर के दौरान शासन 10 मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया गया।

# गुम हुए 200 मोबाइल उनके मालिकों को सौंपे

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गुम अथवा चोरी हुए 200 मोबाइल

- गुम हुए मोबाइल पाकर कहा, पुलिस का धन्यवाद

का वितरण बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम में उनके मालिकों को किया गया।

जिले में 1 मार्च 2023 से लेकर अब तक कुल 1752 मोबाइल गुम की शिकायत दर्ज कराई गई। जिसमें अब तक जिले की साइबर टीम ने 996 गुम मोबाइल बरामद किया है। पुलिस ने एक साल पूर्व 272 मोबाइल का वितरण किया और बुधवार को हमर पुलिस हमर संग कार्यक्रम अंतर्गत एएसपी प्रतिभा पांडे ने 30 लाख कीमत के 200 मोबाइल का वितण कंट्रोल रूम में किया। उन्होंने बताया कि साइबर सेल की टीम गुम मोबाइल की लगातार तलाश कर रही थी। इस दौरान शिकायत के आधार पर मोबाइल को स्कैन किया गया तो कुछ लोग ऐसे थे जिन्होने बताया कि उन्हे मोबाइल गिरा या पड़ा हुआ मिला। ऐसे लोगों को चिन्हाकित किया गया जो भूलवश मोबाइल पास रखे थे। उनसे मोबाइल प्राप्त कर उसका वितरण किया जा रहा है। बरामद हुए कुल 996 मोबाइल में से 472 मोबाइल गत वर्ष और अभी वितरण किया गया और शेष 524 जिले के विभिन्न थानों से वितरित किया गया है।



#### चेहरे पर खिली मुस्कान

बेलसोंडा निवासी रवींद्र धीवर ने बताया कि मेरा मोबाइल 4 दिसंबर 2022 को बेमचा में काम करने के दौरान गुम हो गया था। जिसकी शिकायत पोर्टल में दर्ज कराई थी तीन साल बाद यह आज मिला है, खुश हूं। इसी तरह सुभाष नगर निवासी सुष्मिता पटनायक ने बताया कि तीन साल पहले मोबाइल गुमा था। मैंने शिकायत दर्ज कराई थी, पर उम्मीद नहीं थी कि मोबाइल मिलेगा। अंततः आज मोबाइल मिल ही गया।

#### मोबाइल गुम होने पर तत्काल शिकायत करें : एएसपी



एएस पी प्रतिभा पांडे ने अपील की है कि यदि आपका मोबाइल गुम या चोरी हो जाए तो तत्काल सी ई आ ई आ र पोर्टल में स्वयं शिकायत दर्ज कराएं या अपने नजदीकी थाने व साइबर सेल में जाकर शिकायत दर्ज कराएं। जिसमें एक फार्म भरना होता है। बाद पुलिस उसकी तलाश करती है और जब गुम मोबाइल मिलता है तो उसकी सूचना दी जाती है।

### आयकर में ऐतिहासिक छूट के बाद अब जीएसटी के स्लैब का सरलीकरण

# भारत आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर : सोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। आयकर में ऐतिहासिक छूट के बाद अब जीएसटी के स्लैब का सरलीकरण कर भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थ व्यवस्था बनाने की ओर अग्रसर हो चुके हैं। उक्त बातें मंगलवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने कही।

उन्होंने कहा कि पहले जीएसटी में चार स्लैब था, अब केवल दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत का रह गया है। एक स्लैब 40 प्रतिशत का भी है जो केवल स्वास्थ्य को हानि पहुंचाने वाले उत्पादों पर लगाया गया है। दो स्लैब से आम जनता को राहत मिलेगी और उपभोग की जाने वाली वस्तुएं सस्ती होंगी, इससे कारोबार बढ़ेगा। उन्होंने व्यापार उद्योग को नई गति देने वाला बताने के साथ ही आम आदमी के जीवन को खुशहाल करने वाला बताया। श्री सोनी ने कहा कि इससे न सिर्फ लोगों की बचत में बढ़ोत्तरी होगी बल्कि सभीकरण से व्यापारी भी सुगमता से कार्य कर सकेंगे। आजादी के बाद से जीएसटी लागू होने के पहले 17 प्रकार के टैक्स और 13 प्रकार के सेस लागू थे इसके अलावा भी राज्य सरकारें मनमाने ढंग से कर आरोपित कर देती थीं। प्रत्यक्ष कर की बातें करे तो आयकर की दर तो एक समय साढ़े 97.5 प्रतिशत तक पहुंच गया था। अब 12 लाख की सालाना आय पर कोई टैक्स नहीं देना पड़ता। जीएसटी के नए स्लैब में सभी उपयोगी वस्तुओं पर टैक्स शून्य किया गया है। इस नए सुधार से सूक्ष्म लघु और मंझोले उद्योगों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा।




रोजमर्रा की वस्तुएं तेल, शैम्पू, टूथपेस्ट, मक्खन, पनीर, सिलाई मशीन से लेकर ट्रेक्टर व उनके कलपुर्जे व अन्य कृषि उपकरण, स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा, शैक्षिणक वस्तुओं के साथ ही इलेक्ट्रानिक व आटो मोबाइलों को किफायती बनाया गया है। पत्रकारवार्ता के दौरान बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, शंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक रामलाल चौहान, प्रीतम दीवान, पूर्व जिपं अध्यक्ष सरला कोसरिया आदि मौजूद थे।

# पॉक्सो एक्ट के तहत जेल भेजे गए सहायक शिक्षक साहू निलंबित

**महासमुंद।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी बसना कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला सोनामुंदी में पदस्थ सहायक शिक्षक (एलबी) ज्योतिष कुमार साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार उनके विरुद्ध थाना बसना में बीएनएस की धाराओं एवं पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। वर्तमान में वे 48 घंटे से अधिक समय से न्यायिक अभिरक्षा में जेल में निरुद्ध हैं। छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम-9 के उपनियम (2)(क) के तहत उनकी गिरफ्तारी की तिथि से ही निलंबन आदेश प्रभावी कर दिया गया है। निलंबन की अवधि में साहू का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बसना नियत किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

## खबर संक्षेप



### भूजल स्तर बचाने, डबरी निर्माण के लिए किसानों को करें प्रोत्साहित

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने मंगलवार को जल संसाधन एवं कृषि विभाग के सचिव की बैठक लेकर राज्य में घटते भूजल स्तर पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए किसानों को खेतों में डबरी निर्माण के लिए प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि वर्षा का जल संचयन ही भविष्य की कृषि और जलसंकट का समाधान है। उन्होंने कहा कि किसानों को विभिन्न योजनाओं में अनुदान उपलब्ध कराया जाता है। उन्हें अपनी खाली पड़ी जमीनों पर डबरी निर्माण के लिए प्रोत्साहित करने से भूजल स्तर बढ़ेगा। राज्यपाल ने जल संसाधन और कृषि विभाग को मिलकर ठोस कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया। बैठक में जल संसाधन विभाग के सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो और कृषि विभाग की सचिव शहला निगार उपस्थित रहे।

### हिना बनीं महिला उन्नति संस्था की प्रदेश अध्यक्ष

**रायपुर।** महिला उन्नति संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राहुल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन में युवा समाजसेवी हिना फिरोज को छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### अनुरेखक भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन प्रारंभ

**रायपुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत अनुरेख के रिक्त पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। व्यापम द्वारा आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा के लिए 9 सितंबर से लेकर एक अक्टूबर तक आवेदन किए जा सकेंगे। परीक्षा 26 अक्टूबर को संभावित है। केवल रायपुर और बिलासपुर में इसके लिए केंद्र बनाए जाएंगे।

### डिजिटल सर्वेक्षण कार्य में लापरवाही, पटवारी निलंबित

**रायपुर।** डिजिटल सर्वेक्षण कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में आरंग क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी ने पटवारी बद्री प्रसाद टंडन को निलंबित कर दिया है। निलंबन के संबंध में आदेश भी जारी हुआ है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आरंग के जारी आदेश के अनुसार एग्रीस्टैक परियोजना के अंतर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण एवं भुईंया सॉफ्टवेयर में गिरदावरी प्रविष्टि कार्य में पटवारी ने लापरवाही बरती है। पटवारी को तहसील आरंग के ग्राम अमसेना, कोड़ापार, धोबभट्ठी, परसवानी, केशला एवं धौराभाठा में निर्धारित समय सीमा कार्य पूर्ण करना था, लेकिन उसके द्वारा नहीं किया गया। इसके साथ ही नियमों के विपरीत उसका आचरण पाया गया।

### प्रदेश के भाजपा सांसदों ने भी किया मतदान

**रायपुर।** उप राष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार को नई दिल्ली के संसद भवन में मतदान हुआ। छत्तीसगढ़ से भारतीय जनता पार्टी के सांसदों ने भी मतदान किया। इस दौरान लोकसभा में भाजपा सांसद व मुख्य प्रदेश प्रवक्ता संतोष पाण्डेय, सांसद व प्रदेश उपाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी के साथ ही बृजमोहन अग्रवाल, विजय बघेल, चिंतामणि महाराज, राधेश्याम राठिया, कमलेश जांगड़े, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, महेश कश्यप, भोजराज नाग और राज्यसभा सदस्य देवेन्द्रप्रताप सिंह ने मतदान किया।

### पुलिस कमिश्नर प्रणाली के लिए समिति, 7 आईपीएस शामिल

रायपुर। रायपुर में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली के लिए 7 आईपीएस अफसरों की कमेटी डीजीपी अरुण देव गौतम ने बनाई है। सीनियर एडीजी प्रदीप गुप्ता के नेतृत्व में अफसरों की बनी कमेटी में आईजी अजय यादव, अमरेश मिश्रा, ध्रुव गुप्ता, अभिषेक मीणा, संतोष सिंह और प्रभात कुमार कमेटी में शामिल हैं। समिति में अतिरिक्त वैधानिक पहलुओं के संबंध में आवश्यकता पड़ने पर मुकुला शर्मा संचालक लोक अभियोजन को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में सम्मिलित किया गया है।

# भाजपा के सेवा पखवाड़ा में रक्तदान, नमो मैराथन सहित होंगे कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा के सेवा पखवाड़ा में रक्तदान के साथ ही नमो मैराथन का भी आयोजन होगा। 17 से 2 अक्टूबर तक रोज अलग-अलग कार्यक्रम होंगे। इसमें प्रदेशभर के मंत्री, विधायक, सांसदों के साथ ही भाजपा के प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक के पदाधिकारी शामिल होंगे। पूरे प्रदेश में सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत स्कूलों, चिकित्सालयों रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन मंदिर सहित ऐतिहासिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण का कार्यक्रम किया जाएगा, जिसमें सभी बूथों पर पौधारोपण करेंगे।

**17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा अभियान**

### नमो पार्क बनाने की योजना

प्रदेश सरकार, नगरीय निकायों के माध्यम से नमो पार्क भी बनाएं जाएंगे। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के सभी जिलों में रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, भी आयोजित किये जाएंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री के जीवन पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान दिव्यांग और राज्य के अन्य विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। 25 सितंबर को प्रदेश सरकार और स्थानीय निकायों द्वारा वोकल फॉर लोकल पर कार्यक्रम होंगे। इसमें स्वदेशी उत्पादों को बढ़ाया देना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र



मोदी के जीवन, विचार, नेतृत्व शैली और उपलब्धियों पर आधारित पुस्तकों का स्कूलों, कॉलेज एवं पुस्तकालयों में वितरित किया जाएगा।

### खेलों का भी आयोजन

इस दौरान सांसद खेल-कूद प्रतियोगिता, विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा। नमो मैराथन का आयोजन भाजयुमो द्वारा किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी भी जिला एवं प्रदेश स्तर पर आयोजित की जाएगी। 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। 2 अक्टूबर को गांधी व लाल बहादूर शास्त्री जंयती पर स्वाच्छता अभियान चलाया जाएगा। ।

### सेवा पखवाड़ा के लिए चल रही कार्यशाला : अखिलेश सोनी

भाजपा प्रदेश महामंत्री व सेवा पखवाड़ा अभियान प्रदेश संयोजक अखिलेश सोनी ने कहा, हमारे लिए यह एक महत्वपूर्ण अभियान है जिसे लेकर जिलों में कार्यशाला का आयोजन किया है जिसमें अभियान का सफल संचालन कैसे हो इस पर चर्चा की जा रही है। इस अभियान को लेकर एक प्रदेश स्तरीय कार्याशाला का आयोजन किया गया था जिसमें राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल शामिल हुए थे। अब जिलों और मंडलों में कार्यशाला का आयोजन हो रहा है।

**आयोजन :** रोहिना में हुआ ऐतिहासिक एवं पारंपरिक नुआखाई मिलन समारोह, कार्यक्रम में जुटे लोग

# कोलता समाज ने नुआखाई मिलन सह सम्मान समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज संभाग रायपुर छग का नुआखाई मिलन सह सम्मान समारोह ग्राम रोहिना शाखा सभा रोहिना में आयोजित किया गया। जिसमें आंचलिक सभा सरायपाली, बसना, पिथौरा एवं रायपुर से बड़ी संख्या में सामाजिकजनों ने भाग लिया। समारोह में प्रतिभा संपन्न 61 विशिष्टजनों का कोलता समाज द्वारा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कुल कार्यकारिणी अध्यक्ष गिरधारी साहू, संरक्षक गण हरिचरण प्रधान, व्यासदेव भोई, महामंत्री मथामणी बढ़ाई, प्रदेश उपाध्यक्ष नंदकिशोर भोई, सचिव युगल किशोर प्रधान, ओडिशा से दीवाकर प्रधान, संभागीय उपाध्यक्ष प्रवीण भोई, मुरली प्रधान, चित्रसेन प्रधान, संभागीय सचिव मोहन साहू, ललित साहू, रंकमणि प्रधान, कार्यकारिणी सदस्य किशोर भोई, मंदिर समिति अध्यक्ष चंद्रकांत भोई, विशेष आमंत्रित सदस्य सुवर्धन प्रधान, गोवर्धन साहू, आंचलिक अध्यक्ष सरायपाली प्रदीप साहू, बसना भोजराज प्रधान, पिथौरा षडानन भोई,महिला प्रकोष्ठ संरक्षक मंदाकिनी साहू, संभागीय महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष त्रिवेणी बढ़ाई, युवा प्रकोष्ट अध्यक्ष राजेश प्रधान, विधिक सलाहकार दिलीप





### नुआखाई मिलन समारोह में इनका किया गया सम्मान

नुआखाई मिलन समारोह में विभिन्न क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले सामाजिकजनों को सम्मानित किया गया। जिनमें दसवीं बोर्ड टॉपर आरती भोई, अनुष्का प्रधान, दसवीं सीबीएसई टापर तापस बारिक, प्रज्ञा साहू, स्वास्तिक साहू, 12वीं बोर्ड पायल साहू, अस्मिता भोई, केंद्रीय बोर्ड. अनिष प्रधान, अरमान साहू, नीट उत्तीर्ण मीनाक्षी प्रधान, अमन प्रधान, नम्रता प्रधान, शिवराज प्रधान, श्रुति प्रधान, विवेक भोई, अलोक साहू, पीएससी चयनित तुषार बारिक, राहुल प्रधान, अतुल भोई, विश्वविद्यालय टॉपर रितुरानी प्रधान, मनोज प्रधान, भावना भोई, संस्कृति साहू, श्याम साहू, पीएचडी होल्डर डॉ लक्ष्मीप्रिया प्रधान, डॉ अनीता भोई, डॉ प्रिया बारिक, राज्यपाल पुरस्कृत स्काट्स गइड्स उमेश बारिक, विश्वनाथ भोई, प्रीति भोई, नैमिष बारिक, संजू प्रधान, दिगंबर भोई, मनीष प्रधान, मनीष साहू, राज्य-राष्ट्रीय खिलाड़ी लीलेश प्रधान, माही साहू, अनुष्का प्रधान, पूजा प्रधान, योगिता प्रधान, इशिका साहू, जगदीश सामल, उत्कृष्ट शिक्षक धरणीधर साहू, कृषक तेजराम साहू, व्यापारी दयानिधि भोई, युवा सामाजिक कार्यकर्ता आंचलिक युवा प्रकोष्ठ सरायपाली, पर्यावरणविद डॉ पीतांबर साहू, मैकेनिक मनबोद बारिक, महिला कार्यकर्ता चन्द्रमा प्रधान, सभापति संजय भोई, चिकित्सक डॉ शैलेन्द्र प्रधान, वादक वासुदेव प्रधान, गायक विजय प्रधान, पुलिस सेवा हेमकुमार गढ़तिया, सामाजिक कार्यकर्ता बृजभानू साहू, कर्मचारी विजयंती भोई, उत्कृष्ट संयुक्त परिवार वकील प्रधान, विशिष्ट सामाजिक सम्मान बृंदावन साहू को स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में रोहिना शाखा सभा के 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के दुखू बेहरा, डंकनाशन, चितरंजन, इंद्रजीत, शशिधर, राहसो साहू को समाज द्वारा सम्मानित किया गया। तत्पश्चात वरिष्ठ लोगों के समक्ष समाज के अन्य लोगों ने मुड़िया मार कर आशीर्वाद प्राप्त किए। भाव विभोर कर देने वाला क्षण था। सामूहिक भोज के रूप में प्रसाद ग्रहण किए। अंत में कुल कार्यकारिणी सभा ने ऐतिहासिक एवं सफल आयोजन के लिए शाखा सभा रोहिना के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक छोटे से शाखा सभा ने जिस समाजिक सद्भाव एवं आपसी भाईचारे का परिचय देते हुए इतनी बड़े आयोजन को सफल बनाया काबिलेतारीफ है।

भोई, प्रवक्ता देवेंद्र भोई, कमलेश साहू, सामाजिक अंकेक्षण नंदलाल प्रधान, सलाहकार संतोष साहू, सुभाष प्रधान, त्रिलोचन प्रधान सहित समस्त शाखा सभा सभापति, आंचलिक पदाधिकारी मंचासिन रहे। समारोह का शुभारंभ के पूर्व बीच चौक से गांव की महिलाओं द्वारा जुगार यात्रा निकाली गई। मां रामचंडी की पूजा अर्चना कर सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। शाखा सभा रोहिना द्वारा अतिथियों का स्वागत पश्चात सरायपाली आंचलिक अध्यक्ष प्रदीप साहू एवं संभागीय महामंत्री मथामणी बढ़ाई ने स्वागत भाषण दिया। गिरधारी साहू ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि रोहिना में 24 वां नुआखाई मिलन समारोह का आयोजन हो रहा है। इस समारोह में सामाजिक परंपराओं का निर्वहन करते हुए आपसी सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया जाता है। आज के सम्मान समारोह में जिन प्रतिष्ठित व्यक्तियों एवं प्रतिभाओं का सम्मान किया जा रहा है उससे न सिर्फ उनका मनोबल बढ़ेगा बल्कि आने वाली पीढ़ी को उनसे से प्रेरणा मिलेगी

समारोह को सफल बनाने में आंचलिक उपाध्यक्ष जयंत बारीक, सचिव भूपेंद्र भोई, रामचंडी सेवा समिति अध्यक्ष रामलाल साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ से सूर्यकांत बारीक, अशोक साहू, अश्विनी बारीक, महेश नायक, खितिपति साहू, महिला प्रकोष्ठ से मीना साहू, सुजाता साहू, अलका साहू, पद्मिनी भोई, रोहिना शाखासभा सभापति बृन्दावन साहू, उप सभापति खिरोद्र साहू, सचिव नरहरि साहू, सहसचिव आनंद प्रधान, कोषाध्यक्ष नेपाल साहू, ग्राम सदस्य दिवाकर साहू, बसंत नायक, आनंद साहू, अर्जुन प्रधान, विजय साहू, मेघनाथ साहू, विभषण, अगरत साहू, देवकुमार साहू, कुंतल साहू, रूपानंद साहू, भगवानो बेहरा, दुर्योधन बेहरा, कमलेश साहू, चूड़ामणी साहू, हीरालाल साहू, राकेश साहू, विजय साहू, विमल भोई, कौशल साहू, अखिलेश बेहरा, गुणनिधि साहू, गिरधारी, रघुमणि, मनोज साहू, शिशुपाल, जीतू, मुकेश, विकेश, खिरोद्र सहित समस्त सामाजिजनों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन संभागीय सचिव ललित साहू एवं आभार व्यक्त रोहिना शाखा सभापति बृंदावन साहू ने की। उक्त जानकारी संभागीय मीडिया प्रभारी कमलेश साहू ने दी।

# शिक्षक होता है राष्ट्र का निर्माताः माधव राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शिक्षक राष्ट्र का निर्माता होता है। शिक्षक अपने ज्ञान और अनुभव के आधार पर विद्यार्थियों का चरित्र निर्माण करता है और उसे समाज व राष्ट्र के निर्माण के योग्य बनाता है। ज्ञान से विद्यार्थी अपने स्वयं के व्यक्तित्व का भी निर्माण करता है। उक्त उद्गार शिक्षक दिवस के अवसर पर विवेकानंद शिक्षण समिति के अध्यक्ष माधवराव टांकसाले ने मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए।

समिति द्वारा संचालित ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर पद्मावती टांकसाले इंग्लिश मीडियम स्कूल तथा स्व. नीलकंठ राव साकरकर उच्चतर माध्यमिक शाला में शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित किया गया। शिक्षकों को सम्मानित करते हुए उन सभी पूर्व शिक्षकों का स्मरण किया और कहा की उनकी लगन और मेहनत के बदौलत आज संस्था 40 वर्षों से



लगातार शिक्षा के क्षेत्र में संचालित है। विद्यालय ने खेल व शिक्षा के क्षेत्र में अनेक उपलब्धियां हासिल की है। उन्होंने कहा कि 1985 में संस्था किराए के बिल्डिंग पर संचालित थी और आज स्वयं के भवन पर संचालित है। जहां पर खेलकूद के लिए पर्याप्त मैदान उप्लब्ध है। इस अवसर पर मनीषा ठाकुर तथा अंजलि साहू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। शिक्षकगणों को श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंजलि सिन्हा ने की। कार्यक्रम का संचालन पूजा सिन्हा ने किया। विद्यालय ने गणेश उत्सव के अवसर पर ड्रॉइंग, रंगोली तथा हार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इन विजेता प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के परिणाम हार प्रतियोगिता प्रथम युवराज ध्रुव, द्वितीय चित्रांक ध्रुव, तृतीय दिव्यांग चक्रधारी, रंगोली प्रतियोगिता प्रथम टीकम बघेल, साक्षी साहू, ड्राइंग प्रतियोगिता प्रथम टीकम बघेल, रिंकू साहू, सांत्वना चित्रांक ध्रुव व दिव्यांग चक्रधारी, मनीषा ठाकुर रहे। कार्यक्रम के अंत में भारती, युवराज ध्रुव आदि को पुरस्कार वितरण किया।

# देवरी में हुआ विद्यालय स्तरीय सम्मान समारोह






हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बागबाहरा विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति द्वारा समस्त स्टॉफ एवं कर्मचारियों का विद्यालय स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत के उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, विशेष अतिथि जनपद सदस्य राहुल चंद्राकर, विशेष अतिथि सरपंच देवरी अहिल्या देवी साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष रमेश पटेल एवं सदस्यगण शामिल रहे।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने कहा कि सभी छात्रों को अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। स्वयं को क्या बनना है, ये अभी से निर्धारित कर तैयारी करते हुए पढ़ाई करना चाहिए। कार्यक्रम को जनपद सदस्य राहुल चंद्राकर, सरपंच अहिल्या देवी साहू, रमेश पटेल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पूरे स्कूल स्टॉफ को फूलमाला पहना कर, तिलक लगाकर स्वागत कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम को व्यवस्थित करने में व्याख्याता परस राम सिन्हा का सहयोग रहा।

संचालन एवं आभार यादराम साहू ने किया। विगत दिनों जिला स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह में चयनित सहायक शिक्षिका दीपा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर व्याख्यातागण नेशलाल धृतलहरे, संजय बारसागढ़े, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, भोजराम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, नीलू सोनी, रवि प्रकाश पात्रे, बीएल टंडन, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर, कार्यालयीन कर्मचारी हितेश साहू, रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुजा साहू, जाह्नवी साहू, योगेश्वरी साहू, नीरज बंजारे का विशेष सहयोग रहा

# नवा रायपुर सोलर सिटी योजना में बदलाव, अब हर विभाग के लिए होगी अलग योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में भी सोलर से बिजली का उत्पादन करने का काम अब तेजी से करने की तैयारी चल रही है। क्रेडा कई योजनाओं पर काम कर रहा है।

> ■ क्रेडा का 10 मेगावाट का 65 करोड़ का प्रस्ताव हो चुका है नामंजूर

नया रायपुर को सोलर सिटी भी बनाने की तैयारी है। इसके लिए क्रेडा ने 10 मेगावाट बिजली के उत्पादन का 65 करोड़ का प्रस्ताव प्रदेश सरकार के पास भेजा था, लेकिन इसको नामंजूर करके क्रेडा को हर विभाग के लिए अलग-अलग योजना बनाकर देने के लिए कहा गया। अब क्रेडा ने एनआरडीए के भवनों के



साथ लोक निर्माण विभाग और अन्य विभागों के भवनों के हिसाब से योजना बनाकर प्रदेश सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा है। इन योजनाओं को मंजूरी मिलने पर काम प्रारंभ होगा। नया रायपुर के सभी सरकारी दफ्तर, मंत्रियों के बंगले, रेलवे स्टेशन भी इसमें शामिल हैं।

देश में लगातार बढ़ती बिजली की मांग को देखते हुए अब केंद्र सरकार ने सोलर बिजली की तरफ रुख किया है।

# जीएसटी 2.0 पर मुख्यमंत्री और व्यापारिक प्रतिनिधियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अगली पीढ़ी के लिए जीएसटी का सरलीकरण 2.0 विषय पर प्रदेश के व्यापारिक प्रतिनिधियों की मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस मौके पर राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। नवा रायपुर स्थित मंत्रालय में कैट छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। मंत्रालय में श्री साय की अध्यक्षता में हुई बैठक में व्यापारी जगत के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस मौके पर कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने



कहा कि अगली पीढ़ी के लिए जीएसटी 2.0 सरलीकरण प्रक्रिया व्यापारियों के लिए राहत और सुधार की नई सौगात लेकर आएगा। कर प्रणाली को अधिक सरल, पारदर्शी और व्यावहारिक बनाया जाएगा। इससे न केवल छोटे एवं मध्यम व्यापारी लाभान्वित होंगे, बल्कि व्यापार जगत में नए अवसर भी उत्पन्न होंगे। बैठक में कैट छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधिमंडल, कैट राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी के नेतृत्व में शामिल हुआ। प्रतिनिधिमंडल में अमर पारवानी, विक्रम सिंह देव, परमानंद जैन, सुरिंदर सिंह, अवनीत सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



# रजत जयंती पर बृजराज में लगाई गई पोस्टर प्रदर्शन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती पर शिक्षा विभाग के अंतर्गत शालाओं में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय बृजराज उच्च प्राथमिक शाला के प्रभारी नरेश साहू के मार्गदर्शन एवं शिक्षक जमुना साहू, पुष्पांजलि सिंह के निर्देशन में पोस्टर प्रदर्शन का आयोजन किया गया। आज के छत्तीसगढ़ में शिक्षा में आए बदलाव विषय पर पोस्टर एवं चार्ट के माध्यम से छात्रों द्वारा प्रदर्शन किया गया। छात्रों ने पहले और अब के छत्तीसगढ़ में शिक्षा में आए बदलाव को बहुत ही अच्छे से प्रदर्शित किया तथा उसका वर्णन भी किया। छात्रों ने बताया कि पहले से अब शिक्षा में अनेक साधन, सुविधाओं का विकास हुआ है। अब शासकीय शाला में भी अंग्रेजी माध्यम में पढाई होती है, बैठने के लिए बेंच टेबल की व्यवस्था है। प्रत्येक शाला में बालाक बालिका शौचालय की व्यवस्था है, जो कि पहले नहीं हुआ करता था। छग राज्य बनने के बाद एकलब्य तथा प्रयास जैसा विद्यालय खुले, जिससे छात्रों की शिक्षा में प्रगति हुई। अंत में शाला प्रभारी नरेश साहू ने कार्यक्रम की सराहना की।

**खबर संक्षेप**



## छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर निकाली गई रैली

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान के निर्देशन एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी मनहरण ठाकुर के मार्गदर्शन में रजत महोत्सव रैली निकाली गई। रैली को संबोधित करते हुए दीवान ने छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ के विकास से संबंधित महात्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में बताया एवं नारे गीत के माध्यम से विकास के संदेश को लोगों तक पहुंचाने का आव्हान करते हुए रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छतीसगढ़ स्थापना के पच्चीस साल पूरे होने के उपलक्ष्य में स्थापना से लेकर स्वर्णिम 25 वर्ष तक के महत्वपूर्ण उपलब्धियों से भरे हुए सफर तथा विकसित छत्तीसगढ़ 2047 लक्ष्य को प्राप्त करने का विजन के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं संदेश देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ का गौरव गान शिक्षा, स्वास्थ्य और किसान व छत्तीसगढ़ की क्या पहचान संस्कार, संस्कृति और विज्ञान जैसे नारे लगात हुए बाजार चौक तक रैली निकाली। कार्यक्रम में वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक एमएस वर्मा सहायक प्राध्यापक, तरूण कुमार ध्रुव, ऋषि वर्मा, अतिथि व्याख्याता राखी यदु, दीक्षा गजेंद्र, सुनीता साकेत,महेश प्रधान, सविता पटेल एवं समस्त रासेयो स्वयंसेवक एवं अन्य महाविद्यालयीन छात्र/छात्राएं उपस्थित थे।

**जायजा:** जिपं सीईओ ने किया लाइवलीहुड कॉलेज एवं आरसेटी का निरीक्षण

# बदलते दौर में एआई टेक्नोलॉजी से संबंधित प्रशिक्षण देने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लाइवलीहुड कॉलेज में संचालित कौशल प्रशिक्षण का आकस्मिक निरीक्षण जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने किया। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं से सीधे संवाद कर उन्हें कैरियर मार्गदर्शन, रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई। साथ ही बदलते समय की जरूरत को देखते हुए एआई टेक्नोलॉजी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युवा केवल नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि स्वयं



उद्यम स्थापित कर दूसरों को रोजगार देने वाला बने। आत्मनिर्भरता और उद्यमिता की ओर बढ़ना ही सशक्त समाज और समृद्ध राष्ट्र की नींव है। निरीक्षण के दौरान बड़ौदा आर-सेटी में संचालित एफएलसीआरपी प्रशिक्षण की गुणवत्ता परखने के लिए अधिकारी स्वयं प्रशिक्षणार्थी की तरह कक्षा में शामिल हुए। उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता का प्रत्यक्ष अवलोकन करते हुए प्रशिक्षुओं से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्व-सहायता समूह की दीदियों द्वारा संचालित आजीविका गतिविधियों का जायजा लिया।

इस अवसर पर निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक महिला समूहों को उद्योग आधारित इंटरप्राइजेज से जोड़ा जाए। आजीविका गतिविधियों को सतत एवं लाभकारी उद्यम में बदलने हेतु प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। सीईओ नंदनवार ने संचालित प्रशिक्षण के हितग्राहियों से सीधे चर्चा कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। उन्होंने सभी को भरोसा दिलाया कि शासन की योजनाओं का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना ही नहीं, बल्कि उन्हें रोजगार से जोड़ना और आत्मनिर्भर बनाना है।

# महाविद्यालय में रजत जयंती के तृतीय दिवस पर विकसित छत्तीसगढ़ थीम पर हुई परिचर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष

- **महाविद्यालय में रजत महोत्सव में रोज हो रहे कई कार्यक्रम**

पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रजत महोत्सव के तृतीय दिवस पर विकसित छत्तीसगढ़ 2047 थीम पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि संदीप दीवान अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, विशिष्ट अतिथि अरविंद साहू प्राध्यापक शा. माता कर्मा महाविद्यालय, बीएन गुप्ता पूर्व प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय, उमेश भारती गोस्वामी कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष शिक्षा संघ, सुरेंद्र मानिकपुरी प्राचार्य पब्लिक उच्च माध्यमिक शाला तुमगांव, कार्यक्रम संयोजक डॉ. मालती तिवारी, सहसंयोजक अजय कुमार राजा एवं कार्यक्रम प्रभारी मनीराम धीवर मंचस्थ रहे। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर राज्य गीत के साथ की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो करुणा दुबे ने रजत महोत्सव के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए स्वागत भाषण दिया।

अतिथियों ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए परिचर्चा को सुना। उसके बाद अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि संदीप दीवान ने अपने उद्बोधन पर स्वर्णिम छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए संकल्प सेवा एवं सुशासन पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र मानिकपुरी ने विकसित छत्तीसगढ़ निर्माण में सर्वांगीण विकास पर जोर देते हुए युवाओं को आह्वान किया। उमेश भारती ने रजत महोत्सव को आत्म अवलोकन एवं भविष्य की योजना के लिए महत्वपूर्ण बताया। अरविंद साहू ने विकसित छत्तीसगढ़ निर्माण में राष्ट्रीय एकता एवं देशभक्ति को महत्वपूर्ण बताया। प्रोफेसर बीएन गुप्ता ने कहा कि सशक्त छत्तीसगढ़ का निर्माण नागरिकों के सकारात्मक सोच से ही संभव है। विकसित छत्तीसगढ़ 47 थीम पर आयोजित परिचर्चा में महाविद्यालय छात्र छात्रों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया एवं अपने विचार व्यक्त किया। परिचर्चा में नुसरत फातिमा प्रथम एवं इतवारी ओगरे द्वितीय, अंजलि साहू तृतीय रही। विजेताओं को अतिथियों के हाथों से पुरस्कार प्रदान किया गया। आभार प्रदर्शन प्रो अजय कुमार राजा ने किया।

मंच संचालन दिलीप लहरे ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालयीन स्टाफ.डॉ. दुर्गावती भारतीय, प्रो. प्रियंका सोनवानी, मनीषा प्रधान, आशुतोष पुरी गोस्वामी, केशरचंद्र बनपाल, डॉ. प्रियंका चक्रधारी, परवीन नजीब, नम्रता तंबोली, डॉ. जीवन चंद्राकर, कार्यालय से मुकेश साहू, वेद देवांगन एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## हर घर मुफ्त बिजली का दावा झूठाः रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने भाजपा सरकार के सौर ऊर्जा अभियान को महज राजनीतिक इवेंट बताते हुए जमकर निशाना साधा है। रश्मि ने कहा कि हर घर मुफ्त बिजली का दावा पूरी तरह झूठा है। आंकड़ों के मुताबिक मौजूदा बजट प्रावधान से दो साल में महज 1.3 लाख घरों को ही सोलर पैनल की सब्सिडी मिलेगी, जबकि प्रदेश में 80 लाख से ज्यादा परिवार हैं। इस रफ्तार से 125 साल लगेंगे।



डॉ रश्मि ने बताया कि एक सामान्य थ्री-फेज कनेक्शन के लिए कम से कम 5 किलोवाट का सोलर पैनल लगेगा, जिसकी लागत 3.5 लाख रुपये है। इसमें अधिकतम सब्सिडी 1.08 लाख की है, बाकी का बोझ हितग्राही पर पड़ेगा। बैंक लोन लेने पर किस्तें मौजूदा बिजली बिल से कई गुना महंगी पड़ेंगी। डॉ रश्मि चंद्राकर ने आरोप लगाया कि सरकार ने 20 महीनों में चार बार बिजली दरें बढ़ाई हैं और 400 यूनिट तक की हाफ बिल योजना बंद कर दी है। अब जनता को मिली कीमतों की मार से ध्यान भटकाने मुफ्त बिजली का झांसा दिया जा रहा है। डॉ रश्मि चंद्राकर ने सवाल किया कि अगर सरकार को सच में प्रदूषण की चिंता है तो अडानी को हसदेव अरण्य में नए कोल ब्लॉक क्यों दिए जा रहे हैं? लाखों पेड़ कट रहे हैं। प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती पर बोलते हुए डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ पहले सरप्लस पावर स्टेट था, लेकिन भाजपा राज में किसान, उद्योग और आम उपभोक्ता तीनों ही बिजली संकट झेल रहे हैं।

# जनपद उपाध्यक्ष की पहल से आंगनबाड़ी केंद्रों की सुधरेगी दशा, हर गांव में बनेगी निगरानी समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बेलसोंडा के आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की

- **विभाग ने जारी किया पत्र, आंगनबाड़ी केंद्रों के कामकाज होगी जवाबदेही**

थाली से दाल गायब होने का मामला सामने आने के बाद जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने इस लापरवाही को गंभीरता से लिया और तत्काल निरीक्षण कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने अधिकारियों को भी इस मामले में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

हुलसी की इस पहल का असर तुरंत नजर आया और बच्चों के पोषण और देखभाल में किसी भी तरह की लापरवाही



को रोकने विभाग ने तीन दिन के भीतर जिले के हर गांव में एक निगरानी समिति का गठन करने का निर्णय लिया। 9 तारीख को जारी पत्र का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही लाना है।

### निगरानी समिति का गठन और जिम्मेदारियां

इस समिति में गांव के महत्वपूर्ण लोग शामिल होंगे, जिसमें महिला सरपंच या पंच अध्यक्ष होंगी। इसके अलावा स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष, प्रतिष्ठित व्यक्ति, बच्चों के माता-पिता और मितानिन भी सदस्य के रूप में शामिल होंगे। यह समिति हर हफ्ते कम से कम दो बार आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण करेगी। उनकी मुख्य जिम्मेदारियां होंगी। केंद्र के खुलने और बंद होने का समय, बच्चों की उपस्थिति, नाश्ते और गर्म भोजन का मेनू के अनुसार मिलना, केंद्र की साफ-सफाई और सुरक्षा, बच्चों को दी जा रही अनौपचारिक शिक्षा की गतिविधियां शामिल है। यदि निरीक्षण के दौरान कोई भी गड़बड़ी पाई जाती है, तो समिति तुरंत पर्यवेक्षक या परियोजना अधिकारी को सूचित करेगी। हुलसी चंद्राकर की जागरुकता और त्वरित कार्रवाई ने यह साबित कर दिया है कि जन प्रतिनिधियों की सक्रियता से सरकारी योजनाओं को सही ढंग से लागू किया जा सकता है, जिससे बच्चों के भविष्य को सुरक्षित किया जा सके।

## सीपी राधाकृष्णान के अनुभव का लाभ देश को मिलेगा : भाऊराम

**महासमुंद।** एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन की



उपराष्ट्रपति पद पर मिली जीत को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व पार्षद भाऊराम साहू ने लोकतंत्र की जीत बताया है। भाऊराम ने कहा कि राधाकृष्णन की जीत से न केवल सत्ताधारी गठबंधन को मजबूती मिली है, बल्कि देश को एक अनुभवी और सशक्त उपराष्ट्रपति भी मिल गया है। इस उपराष्ट्रपति चुनाव में कुल 767 वोट डाले गए थे। इनमें से 752 वोट वैध पाए गए, जबकि 15 वोट अमान्य घोषित किए गए। राधाकृष्णन की जीत ने न केवल एनडीए को मजबूती दी है, बल्कि उन्हें देश के दूसरे सबसे बड़े संवैधानिक पद की जिम्मेदारी भी सौंप दी है। इस चुनावी प्रक्रिया के पूरा होने के साथ ही राधाकृष्णन अब उपराष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे और राज्यसभा के सभापति के रूप में भी जिम्मेदारी संभालेंगे। पार्षद साहू ने कहा कि राधाकृष्णन का जीवन सदैव समाज सेवा और गरीबों व वंचितों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित रहा है। उपराष्ट्रपति बनने के बाद वे देश के संवैधानिक मूल्यों और संसदीय संवाद को आगे बढ़ाएंगे। राधाकृष्णन के नेतृत्व में उपराष्ट्रपति कार्यालय नई ऊंचाइयों को छुएगा और लोकतंत्र को और मजबूत करेगा। सीपी (चंद्रपुरम पोन्नुसामी) राधाकृष्णन ने 31 जुलाई 2024 को महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में शपथ ली। अपनी नियुक्ति से पहले, उन्होंने लगभग डेढ़ वर्ष तक झारखंड के राज्यपाल के रूप में कार्य किया। झारखंड के राज्यपाल के रूप में, राधाकृष्णन को भारत के राष्ट्र पति द्वारा तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल के रूप में कार्यभार संभालने के लिए नियुक्त किया गया था।

# घुंचापाली कला में छात्राओं को सरस्वती साइकिल वितरण योजना का मिला लाभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

जिला पंचायत क्षेत्र के विकासखंड बागबाहरा अंतर्गत ग्राम पंचायत घुंचापाली कला के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शासन की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती साइकिल वितरण योजना अंतर्गत छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया।

ग्राम पंचायत घुंचापाली में छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने जनप्रतिनिधियों सहित जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर विद्यालय में उपस्थित होकर साइकिल वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। साथ ही छात्र-छात्राओं के साथ विषयवार पढ़ाई की जानकारी ली। शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक चर्चा तथा स्वास्थ्य एवं सभी बुनियादी जरूरतों की चर्चा की गई। इस अवसर पर ठाकुर सहित मधुलिका चंद्राकर जनपद सदस्य बागबाहरा, देव कुमार बरिहा सरपंच ग्राम पंचायत घुंचापाली, अंजोर सिंह ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत भालूचुंवा, ललित बया सरपंच सिमगांव, नरेंद्र ठाकुर सरपंच जुनवानी, उपसरपंच राधे साहू, प्रखर चंद्राकर उपसरपंच घुंचापाली, चंद्रशेखर ध्रुव अध्यक्ष सह.समिति घुंचापाली, प्राचार्य खेदूराम चंद्राकर, शिक्षकगण राजेश कुमार प्रधान, चंद्रहास साहू, चैतराम कमार, श्रुति शर्मा, मनीषा तिर्की, पायल अग्रवाल, अमित कुमार नेताम सहित ओमप्रकाश ध्रुव व बहुर देशकर उपस्थित रहे।




## देवरी में शिक्षक सम्मान समारोह

**महासमुंद।** खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम देवरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में बड़े ही उत्साहपूर्वक शिक्षक सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद जिला पंचायत भीखम सिंह ठाकुर, विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य राहुल चंद्राकर, रमेश पटेल आदि रहे।

# हाईस्कूल बड़गांव में छग रजत महोत्सव अंतर्गत शिक्षक दिवस एवं विश्व साक्षरता दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय हाईस्कूल बड़गांव में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत शिक्षक दिवस एवं अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस का संयुक्त कार्यक्रम मनाया गया। शिक्षक दिवस एवं अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस कार्यक्रम की शुरुआत संकुल प्राचार्य केएस सोरी एवं एनडी मानिकपुरी संकुल समन्वयक, सहदेव ध्रुव सीएसी, नंदनी ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत बड़गांव, लोकनाथ चक्रधारी अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति हाईस्कूल बड़गांव एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में सर्वप्रथम मां सरस्वती और डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

तत्पश्चात संस्था के प्राचार्य अनिल कुमार वर्मा द्वारा संकुल प्राचार्य केएस सोरी का फूलमाला एवं गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात एनडी मानिकपुरी, सहदेव ध्रुव संकुल समन्वयक, नंदिनी ध्रुव सरपंच, लोकनाथ चक्रधारी अध्यक्ष, ललित निषाद,



कनक चंद्राकर, करण अनंत, ख़ेमन साहू, ईश्वर साहू प्रधानपाठक, महेश कुमार ध्रुव, सुनील साहू, सूर्यबाला ठाकुर, रेखा राजपूत व्याख्यातागण तथा जवाहर ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि गुमान चंद्राकर शिक्षक, खेमिन चंद्राकर शिक्षिका, गोवर्धन प्रसाद साहू शिक्षक, लेखनी साहू, प्रतिमा मेश्राम, शिल्पा वर्मा सहायक शिक्षिका, हिरौंदी बाई, सुदामा निर्मलकर पालक सदस्यों, रतिराम का स्वागत किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रश्नमंच कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। फिर सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत सुवा नृत्य, पंथी नृत्य प्रस्तुत किया गया। शिक्षक सम्मान अंतर्गत संकुल प्राचार्य केएस सोरी का अनिल वर्मा प्राचार्य एवं हाईस्कूल बड़गांव स्टॉफ की ओर से साल, श्रीफल, कलम भेंटकर सम्मान किया गया। तत्पश्चात उपस्थित संकुल समन्वयक, सभी प्रधानपाठक, सभी व्याख्यातागण, शिक्षक/शिक्षिकाओं का श्रीफल, गमछा व कलम भेंटकर सम्मान किया गया। ग्राम पंचायत बड़गांव सरपंच नंदनी ध्रुव, लोकनाथ चक्रधारी अध्यक्ष, दौवा यादव एवं उपस्थित सभी अतिथियों का श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सहदेव ध्रुव, केएस सोरी संकुल प्राचार्य ने संबोधित किया। आभार अनिल वर्मा प्राचार्य ने और संचालन महेश कुमार ध्रुव व्याख्याता ने किया।

# आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी कॉलेज में हुई विविध स्पर्धा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य के 25वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में विविध आयोजनों की श्रृंखला में प्रश्नोत्तरी एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने न केवल ज्ञान में प्रतिस्पर्धा की, बल्कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति और विकास यात्रा को रंगों में ढालकर प्रस्तुत भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने की। कार्यक्रम के संयोजक के रूप में वरिष्ठ प्राध्यापक (हिंदी) प्रतिमा चंद्राकर रही। स्वागत उद्बोधन की कड़ी में प्राचार्य डॉ. अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ रजत जयंती को एक ऐतिहासिक अवसर बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि एक जीवंत संस्कृति, परंपरा और पहचान का प्रतीक है। यह राज्य अपनी प्राकृतिक संपदा, लोक कला, जनजातीय संस्कृति और मेहनती लोगों के लिए जाना जाता है। आज की युवा पीढ़ी को चाहिए कि वे अपने राज्य के इतिहास को जानें, गर्व करें और इसके उज्ज्वल भविष्य में सक्रिय भागीदार बनें। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि ज्ञान प्रतियोगिताएं और रचनात्मक गतिविधियां केवल बौद्धिक विकास ही नहीं, बल्कि आत्म-विश्वास और समाज से जुड़ाव का भी माध्यम हैं। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छात्रों से छत्तीसगढ़ के इतिहास, भूगोल, संस्कृति, राजनीति और प्रमुख उपलब्धियों से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे गए। इस दौरान छात्रों ने अपनी तीव्र बुद्धि और राज्य के प्रति समझदारी का प्रदर्शन किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तीन ग्रुप में हुई। इसमें भाग लेने वाले छात्र बीएससी तृतीय वर्ष से मानसी छत्री, अदिति, माहेनूर खान, बीए तृतीय वर्ष से तोषिका, हेमलता, विजयलक्ष्मी, बीएससी द्वितीय वर्ष से चिराग साहू, फरजाना कुरैशी, ट्विंकल साहू, अंजलि, शिवानी दवे, सृष्टि रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में छात्रों ने अद्भुत रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। चित्रों और नारों के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक धरोहर, जनजातीय जीवन, प्राकृतिक संसाधन और विकास की झलकियां प्रस्तुत की गईं। कई छात्रों ने नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को भी अपने पोस्टर के माध्यम से जीवंत किया। पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र तोषिका बीए तृतीय वर्ष, ऋतु साहू बीए तृतीय वर्ष, श्रद्धा साहू बीएससी तृतीय वर्ष रहीं, जिन्होंने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन हरिशंकरनाथ अतिथि व्याख्याता राजनीति विज्ञान ने किया। कार्यक्रम प्रभारी के रूप में अतिथि व्याख्याता संजय कुमार, मुकेश सिन्हा, माधुरी दीवान एवं खुशबू ग्रंथपाल कार्यक्रम प्रभारी रहे। इस दौरान कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रोफेसर रवि देवांगन अर्थशास्त्र, अतिथि व्याख्याता आलोक हिरवानी आदि मौजूद रहे।

# युक्तियुक्तकरण से शिक्षा में आई नई रोशनी, पिरदा में अब हर विषयों की पढ़ाई

## अर्थशास्त्र और विज्ञान की पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी विद्यार्थी लेने लगे हैं रूचि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन की युक्तियुक्तकरण नीति ग्रामीण अंचलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और विद्यार्थियों को विषयवार शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो रही है। इसी का जीवंत उदाहरण है हायर सेकेंडरी विद्यालय पिरदा (जिला महासमुंद), जहां हाल ही में इस नीति का सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है।

विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार डहरिया ने बताया कि पहले यहां केवल 6 शिक्षक कार्यरत थे। यद्यपि वे अपनी क्षमता से अधिक मेहनत कर रहे थे, लेकिन विज्ञान सहायक, अर्थशास्त्र एवं व्यायाम शिक्षक उपलब्ध न होने के कारण कक्षाओं का संचालन अधूरा रह जाता था। विज्ञान विषय पढ़ने वाले छात्र जटिल विषयों की गहराई समझने से वंचित हो रहे थे। अर्थशास्त्र विषय की अनुपस्थिति से बारहवीं कक्षा के बच्चों की उच्च शिक्षा की तैयारी अधूरी रह जाती थी। व्यायाम शिक्षक न होने से खेलकूद जैसी शारीरिक एवं मानसिक विकास की



गतिविधियां प्रभावित हो रही थीं। इसका असर बच्चों की पढ़ाई पर ही नहीं, बल्कि उनके आत्मविश्वास और उत्साह पर भी पड़ रहा था। अभिभावक और ग्रामीण भी इस कमी से चिंतित थे। शासन की युक्तियुक्तकरण नीति लागू होने के बाद विद्यालय को 3 नए शिक्षक उपलब्ध कराए गए। विज्ञान सहायक शिक्षक श्री महेन्द्र ध्रुव की नियुक्ति से अब विज्ञान की पढ़ाई व्यवस्थित ढंग से हो रही है। मधुमति चंद्राकर व्याख्याता अर्थशास्त्र की नियुक्ति से कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु मजबूत आधार मिला है। व्यायाम शिक्षक ओपी जायसवाल की उपलब्धता से खेलकूद गतिविधियों में नई जान आ गई है, जिससे बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास हो रहा है। वर्तमान में विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं तक कुल 89 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। नए शिक्षकों की नियुक्ति से उनकी पढ़ाई में नई ऊर्जा आई है। बच्चे नियमित रूप से कक्षाओं में शामिल हो रहे हैं और पढ़ाई में गहरी रुचि ले रहे हैं। गांव के लोग भी इस बदलाव को महसूस कर रहे हैं। उनका कहना है कि अब हमारे बच्चों को वही शिक्षा मिल रही है, जिसकी हमें लंबे समय से उम्मीद थी। शासन की यह पहल बच्चों का भविष्य संवार देगी।

## खबर संक्षेप





### विसर्जन के बाद खरोरा तालाब में फैली गंदगी

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक के पास तालाब में भगवान गणेश प्रतिमाओं को विसर्जन किया गया। जहां तालाब में गंदगी फैल गई है। इसके चलते खरोरा के युवाओं ने तालाब की साफ सफाई की गई। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि प्रतिमा का विसर्जन करते हैं तो तालाबों की साफ-सफाई भी करनी चाहिए। इस साल महासमुंद में विराजित गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन ज्यादा हुआ है, इसलिए तालाब में गंदगी फैल गई है।



### कुसुम साहू को मिला पीएचडी अवार्ड

**महासमुंद।** कुसुम साहू को उनके शोध विषय संजीव बख्शी के साहित्य का सांस्कृतिक अनुशीलन पर पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है। उन्होंने अपना शोध कार्य अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय के कुशल निर्देशन में पूर्ण किया है। उनकी शोध मौखिकी परीक्षा पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर के साहित्य एवं भाषा अध्ययनशाला में स्वयं उपन्यासकार संजीव बख्शी की उपस्थिति एवं लगभग 100 शिक्षाविदों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों के मध्य हुई। शोध मौखिकी परीक्षा के बाह्य परीक्षक प्रो. आनंद प्रकाश त्रिपाठी, सेवानिवृत्ति प्राध्यापक डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर (मप्र) थे। इस उपलब्धि पर शोध केंद्र की अध्यक्ष एवं प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे, विभागाध्यक्ष डॉ. दुर्गावती भारतीय, शोध संवर्धन समिति की अध्यक्ष डॉ. मालती तिवारी, साहित्य एवं भाषा अध्ययनशाला रविवि की अध्यक्ष प्रो. मधुलता बारा, डॉ. गिरिजाशंकर गौतम, प्रो. रमेश अनुपम, प्रो. प्रेमशंकर त्रिपाठी ने हर्ष जताया।

### सोनई रूपई मंदिर में घटस्थापना 22 को

**महासमुंद।** क्वांर नवरात्र पर ग्राम खट्टी स्थित माता सोनई रूपई मदिर में अश्विन (क्वांर) शुक्ल एकम 22 सितंबर सोमवार घटस्थापना, वेदी पूजन, शैल पुत्री पूजन प्रात 11:36 बजे से दोपहर 12:24 तक किया जाएगा। आश्विन (क्वांर) शुक्ल पंचमी 27 सितंबर शनिवार को स्कंद माता एवं श्रृंगार पूजन प्रातः 8 बजे, अश्विन (क्वांर) शुक्ल अष्टमी 30 सितंबर मंगलवार को महागौरी पूजन, हवन शाम 4 बजे होगा। उक्त जानकारी सुभाष शर्मा, होरीलाल साहू, कमलेश ध्रुवंशी, गजेंद्र साहू ने दी है।



## विधायक ने भगवा ध्वज दिखाकर तीर्थयात्रियों को अयोध्या धाम दर्शन के लिए किया रवाना

**महासमुंद।** रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के तहत महासमुंद से अयोध्या के लिए तीर्थ यात्री भगवान रामलला के दर्शन के लिए रवाना हुए। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने श्रद्धालुओं को यात्रा के लिए भगवा झंडा दिखाकर बस को रवाना किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेतागण रमेश साहू, संदीप घोष, बंटी शर्मा, मुन्ना साहू, शरद राव सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रामलला के दर्शन के लिए रवाना हुआ 31 श्रद्धालुओं का दल, भगवा ध्वज लहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

रामलला दर्शन के महासमुंद जिले पिथौरा विकासखंड से 31 श्रद्धालुओं का चयन किया गया, जो बुधवार सुबह जनपद पंचायत परिसर पिथौरा से 31 तीर्थ यात्रियों का दल रामलला दर्शन अयोध्या धाम के लिए हरी झंडी दिखाकर जिला पंचायत सभापति रामदुलारी सिन्हा, जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मा पटेल, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, पंचायत सचिव संघ के संरक्षक पुनीत सिन्हा ने रवाना किया। रायपुर रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन द्वारा रामलला दर्शन की यात्रा के लिए ले जाया जाएगा।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राम भक्तों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा राज्य के राम भक्तों के लिए निःशुल्क अयोध्या धाम में राम के दर्शन के लिए रामलला दर्शन योजना की शुरुआत की गई है और सभी श्रद्धालुओं को ट्रेन के माध्यम से प्रत्येक जिलों से चयन कर उन्हें रामलला के दर्शन हेतु ले जाया जा रहा है। रामलला दर्शन योजना न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के प्रति लोगों की रुचि बढ़ाती हैं, बल्कि उन्हें उन स्थलों की जानकारी और अनुभव करने का मौका भी देती हैं। पिथौरा ब्लाक से चीनी श्रद्धालु नोहर दास साहू और गौरव चंद्राकर ने बताया कि श्रद्धालुओं ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और जनपद व जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया और बताया कि इस योजना से हम लोगों का रामलला के दर्शन करने का सपना पूरा हो रहा है। ज्ञातव्य है कि रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा, जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस अवसर पर एस्कार्ट अधिकारी अरुण बुडेक, अशोक साहू, सतीश ध्रुव उपस्थित थे। इस ट्रेन में टूर एक्सपर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा।

### चर्चा : समिति पदाधिकारियों ने कर्मचारियों के काम को सराहा

# वार्षिक आमसभा, धान खरीदी में समितियों को मिले सूखत राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ग्रामीण कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित चरौदा की साधारण आम सभा की बैठक कार्यालय भवन में हुई। इस दौरान संस्था के प्रबंधक जयप्रकाश साहू ने समस्त अंशधारी कृषकों का अभिवादन किया तथा छतीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना पश्चात आम सभा प्रारंभ हुआ।

आम सभा के मुख्य अतिथि नारायण सिंह ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत चरौदा एवं आम सभा की अध्यक्षता भुवन लाल साहू अध्यक्ष सहकारी समिति चरौदा ने की। संस्था प्रमुख जयप्रकाश साहू ने वार्षिक आम सभा में उपस्थित किसानों को वार्षिक लेखा जोखा विस्तार पूर्वक बताया तथा समिति को लाभ में होने की बात कही, जिसका आम सभा में उपस्थित किसानों ने ताली बजाकर अनुमोदन स्वीकार किया।



#### कमरौद में खाद गोदाम की मांग पर बनी सहमति

बारिश के दौरान किसानों की समस्या के मद्देनजर ग्राम जामली, खम्हारमुडा, जीवनगढ़ से आए किसानों ने खाद गोदाम निर्माण हेतु प्रस्ताव की बात रखी, जिस पर आम सभा में निर्णय लिया गया कि कमरौद में खाद गोदाम निर्माण के लिए प्रस्ताव सरकार को भेजी जावे।

#### समर्थन मूल्य धान खरीदी में समितियों को मिले सूखत

आम सभा में उपस्थित किसानों ने सरकार से समर्थन मूल्य धान खरीदी के दौरान आने वाली सूखत पर सूखत प्रदान करने की बात कही। इस दौरान कर्मचारियों ने भी धान खरीदी के दौरान सूखत की समस्या को समिति का नुकसान बताया। आम सभा में किसानों ने सरकार से धान खरीदी में सूखत की मांग रखी, जिसे आम सभा में अनुमोदन किया गया। आम सभा को भुवन लाल साहू अध्यक्ष, नारायण सिंह ठाकुर सरपंच, चमन लाल साहू शिक्षक, टेकरम साहू किसान ने भी संबोधित किया। आम सभा में विजय साहू, शेखर चंद्राकर, केवाराम साहू, इंदल पूरेना, नारद सिन्हा, केशव साहू, धनेश पटेल, रुपेश्वर चंद्राकर, सालिक राम चंद्राकर, जोहन गोंड, गिरधर साहू, गुमान सिंग, धनसाय, ताराचंद साहू, मोहन साहू, पुन्ना प्रजापति, मुकेश चंद्राकर, सुखराम दीवान, गौतम साहू, रामेश्वर प्रजापति, नारायण देवदास, समेत कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# शहर में भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

10 सितंबर नगर पालिका परिषद बागबाहरा क्षेत्र अंतर्गत अधोसंरचना मद से वार्ड क्रमांक 2, (फॉरेस्ट) रेस्ट हाउस के पास डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लागत राशि 19.73 लाख एवं न्यू बस स्टैंड बागबाहरा में बस स्टॉप लागत राशि 7.50 लाख का भूमिपूजन एवं नगर पालिका कार्यालय में नवीन शेड लागत राशि 10.78 लाख व आत्मानंद स्कूल में नवीन शेड लागत राशि 6.86 लाख का लोकार्पण खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल अध्यक्ष नगरपालिका परिषद बागबाहरा द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में देवेश साहू उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद, सविता दीवान पार्षद वार्ड 01, प्रीति महेंद्र गुप्ता पार्षद वार्ड 05, मंता यादव पार्षद वार्ड 07, मेनका पोखराज साहू पार्षद वार्ड 08, मिथून अमीर पार्षद वार्ड 09, थानूराम पांडे पार्षद वार्ड 10, प्रेम साहू पार्षद वार्ड 11, श्यामा लोकू चंद्राकर पार्षद वार्ड 12, उदय सिंह चंदेल (जित्तू) पार्षद वार्ड 13, अनिता अजीत तांडी पार्षद वार्ड 15 एवं पोखराज साहू, महेंद्र गुप्ता, ताम्रध्वज बघेल, लोकेश उइके एवं अन्य नागरिकगण के साथ गिरीश चन्द्रा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, शशिप्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## बागबाहरा-बकमाडीह सड़क के सुदृढ़ीकरण को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

- सांसद रूपकुमारी ने मुख्यमंत्री साय व वित्त मंत्री चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया



सांसद व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़क सुदृढ़ीकरण की वित्त विभाग द्वारा प्र शा स की य स्वीकृति प्रदान किए जाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि भाजपा सांसद चौधरी के प्रयासों से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत टी-07, बागबाहरा से बकमाडीह के मध्य 13.95 किलोमीटर लंबी सड़क के सुदृढ़ीकरण (सतह मजबूतीकरण) के कार्य को प्रदेश सरकार के वित्त विभाग द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सांसद ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ग्राम विकास के लिए संवेदनशीलता के साथ काम करके जनता को समस्याओं से निजात दिलाने में जुटी है। उक्त सड़क के सुदृढ़ीकरण से बकमाडीह का ब्लॉक और तहसील मुख्यालय बागबाहरा से संपर्क आसान हो जाएगा।

### सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का पिथौरा मंडल के संयोजक बने विक्की



**पिथौरा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश आह्वान पर सेवा पखवाड़ा अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा। जिसमें कई प्रकार के रचनात्मक कार्यक्रम होने है, जिसको लेकर भारतीय जनता पार्टी पिथौरा के मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा की अनुशंसा पर भाजपा के युवा नेता विक्की सलूजा को सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का पिथौरा मंडल का संयोजक नियुक्त किया गया है। ज्ञात हो कि भाजपा नेता विक्की सलूजा पिछले कई वर्षों से लगातार संगठन के कार्यक्रमों में लगातार सक्रिय रहते है। पार्टी के हर छोटे-बड़े कार्यक्रमों में इनकी भागीदारी रहती है एवं हर मिलने वाली जवाबदारी को बखूबी निभाते है। सेवा पखवाड़ा के मंडल संयोजक की जवाबदारी मिलने के बाद विक्की सलूजा ने कहा कि पार्टी संगठन द्वारा मुझे मंडल के संयोजक की जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उनके उपर जो पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने जो विश्वास किया है उसको पूरा करने का प्रयास करूंगा। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 15 विविध कार्यक्रम होने है। पिथौरा मंडल के प्रत्येक बूथ, प्रत्येक शक्तिकेंद्र में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा तथा बड़ी संख्या में आम जनमानस की सहभागिता भी हो ऐसा प्रयास भी किया जाएगा। सलूजा ने आगे कहा कि पार्टी संगठन हमेशा मुझे जो भी काम देती है मैं उसे ईमानदारी के साथ पूरा करता हूं। इस महती जिम्मेदारी के लिए मैं हमारे सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करता हूं। इस जिम्मेदारी के लिए सभी ने हर्ष जताया है।

## तेंदूकोना में साइकिल वितरण व शिक्षक दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूकोना में सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरण का कार्यक्रम रखा गया था। मुख्य रूप से पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, मेनका साहू (शाला विकास एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष), मानसिंह दीवान, एएस ध्रुव (रिटायर्ड बीईओ), सुरेश अग्रवाल, पिलेश्वर पटेल, चिंताराम साहू, आशीष शुक्ला (पूर्व उपसरपंच), कौशल साहू, प्रभुलाल साहू, विद्यानंद यादव व हेमकुमारी साहू अतिथि के रूप से उपस्थित रहे।



पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने योजना से लाभान्वित बालिकाओं को बधाई दी। शिक्षक दिवस पर विद्यार्थियों एवं शाला विकास समिति के सदस्यों द्वारा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। सभी शिक्षकगणों को बेहद मनोरंजक गतिविधि कराई गई। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन विद्यार्थी परिषद द्वारा किया गया। विद्यार्थियों के द्वारा शिक्षाप्रद सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए मेनका साहू ने शिक्षक द्वारा बताये ज्ञान और मार्गदर्शन को लक्ष्य बनाकर जीवन में सफल होने प्रेरित किया। पूर्व छात्र भैय्या राम साहू द्वारा निजी उद्यम के माध्यम से रोजगार के अवसर प्राप्त करने पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एसएस दीवान ने सतत मेहनत कर बेहतर परीक्षा परिणाम लाने के लिए प्रेरित करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।



### सलिहाभाठा स्कूल में उत्कृष्ट सहभागिता के लिए छात्रों को किया गया पुरस्कृत

**महासमुंद।** प्राथमिक शाला सलिहाभाठा में जारी विभिन्न क्रियात्मक गतिविधियों में बच्चों के साथ पालक भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। बच्चों में रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शाला और समुदाय मिलकर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को आगे आने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इसी क्रम में इस माह तक विभिन्न गतिविधियों में सक्रियता दिखाने और उत्साह के साथ भाग लेने के लिए पालक समुदाय के सहयोग से बच्चों को गुल्लक देकर पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रबंधन समिति अध्यक्ष पिरीत राम साहू, पंचराम ध्रुव, भुनेश्वर ध्रुव, भोजराम साहू, शिक्षक रामेश्वर ढीढी उपस्थित रहे।

## शांत्रीबाई महाविद्यालय परिसर की दीवारों पर स्वयंसेवकों ने किया नवाचार का अनूठा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने नवाचार का अनूठा प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय परिसर को बस्तर आर्ट जैसे आकर्षक चित्रकारिता से सुसज्जित किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सविता चंद्राकर के निर्देशन तथा बीएड विभाग की विभागाध्यक्ष मेनका चंद्राकर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी गायत्री चंद्राकर के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय की दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग्स बनाई। इसमें छत्तीसगढ़ के बस्तर आर्ट पर जोर देते हुए बस्तर फोक, छत्तीसगढ़ का नक्शा, आदिवासी युगल नृत्य, गौतम बुद्ध जैसे अनेक तस्वीरों को दीवारों पर उकेरा गया। इस प्रकार की चित्रकारी से महाविद्यालय आकर्षक लग रहा है। साथ ही छात्र-छात्राओं के लिए सेल्फी पॉइंट बनाया गया। इन पेंटिंग के साथ-साथ छात्र-छात्राएं सेल्फी ले रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप कौशल विकास को ध्यान में रखते हुए चित्रकारी की गई है। जिससे विद्यार्थियों को अपने प्रतिभा को निखारने का मौका मिल सके। स्वयंसेवकों ने चित्रकारी के माध्यम से भारतीय संस्कृति और छत्तीसगढ़ की संस्कृति के प्रति जागरुकता का संदेश लोगों तक पहुंचाया गया।

# खोपली हाईस्कूल में छात्राओं को बांटी गई साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

शासकीय हाईस्कूल खोपली में छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग की महत्वकांक्षी बालिका शिक्षा प्रोत्साहन के लिए निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना अंतर्गत कक्षा नवमीं में नवप्रवेशी अध्ययनरत 35 छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य आतिथ्य उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद भीखम सिंह ठाकुर, विशिष्ट अतिथि भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष व पूर्व जिला पंचायत सभापति अलका नरेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत तरुण व्यवहार, सरपंच खोपली विद्या सागर ठाकुर, सरपंच सिमगांव ललित बया, सरपंच बिहाझर गजेंद्र साहू, विधायक प्रतिनिधि जयंती चंद्राकर, भीमसेन चंद्राकर, अध्यक्षता दिनेश चंद्राकर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, सदस्यगण निरंकार



चंद्राकर, रूपलाल टांडे, गौरी टांडे, नानू सलूजा, ओमप्रकाश ध्रुव, धारणा साहू, प्राचार्य बीएस बंजारा, प्रदीप वर्मा संकुल समन्वयक व्याख्याता द्वय प्रमिला साहू, ममता साहू, महेंद्र बंजारे, प्रधानपाठक सोहद्रा देवांगन, पुष्पा चंद्राकर एवं गांव के नागरिक आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा माता सरस्वती की पूजा अर्चना और छात्राओं के वंदना से हुई। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत छात्राओं द्वारा स्वागत गीत व पुष्प माला, पुष्प गुच्छ से किया गया। स्वागत भाषण प्राचार्य बीएस बंजारा ने अतिथियों के सम्मान में व विद्यालय की गतिविधियों पर उद्बोधन दिया। भाजपा नेत्री अलका नरेश चंद्राकर ने बेटियों की शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए छत्तीसगढ़ शासन के मुखिया को धन्यवाद दिया। आज बेटियां शिक्षा के माध्यम से हर मुकाम को प्राप्त कर रही हैं। मुख्य अतिथि भीखम सिंह ठाकुर ने कहा कि हमारी सरकार बेटियों की शिक्षा के लिए विशेष कार्य कर रही है। बेटियां आज देश के सभी स्थानों में अपना परचम लहरा रही हैं। बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ की संयोजिका को भी इस कार्य के लिए धन्यवाद दिया। छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ने के लिए कहा। आज की नितान्त आवश्यकता है शिक्षा। शिक्षा के बिना सब बेकार है। आज की स्थिति में बालिकाएं आगे हो रही हैं। छात्र अब पिछड़ रहे हैं। इसके लिए पालकों को ध्यान देने की आवश्यकता है। विद्यालय की मांग की तरफ ध्यान एसएमडीसी अध्यक्ष दिनेश चंद्राकर ने आकृष्ट कराया। इस पर मुख्य अतिथि ने सहमति दिया और निश्चित रूप से इस तरफ व्यक्तिगत रुचि लेकर मांग पूर्ण करवाने के लिए शासन तक बात पहुंचाने की बात कहीं। एसएमडीसी अध्यक्ष दिनेश चंद्राकर ने सभी अतिथि को आभार व्यक्त किया। मंच संचालन महेंद्र बंजारे व्याख्याता ने किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411